महानगर लखनऊ–226006
फोन : 0522–2337452
फैक्स नं0: 0522–2337453
सीयूजी : 9454400167
Email:sec1pachq.lu@up.gov.in

# पीएसी मुख्यालय
## उत्तर प्रदेश

पत्रांक:पीएसी–1–493(1)–2026 /2607
दिनांक: अगस्त 12 ,2026

सेवा में,

**समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी अनुभाग,**
**उत्तर प्रदेश।**

**विषयः– कुशल खिलाड़ी कोटे के अन्तर्गत आरक्षी पीएसी खिलाड़ी के पदों पर चयिनित अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन कराये जाने के सम्बन्ध में।**

कृपया पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना उ0प्र0 के पत्र संख्या:दस–403 /2023(पार्ट–2)/ 596 दिनांक 01.08.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो उ0नि0 नागरिक पुलिस एवं आरक्षी ना0पु0/पी0ए0सी0 के पदों पर कुशल खिलाड़ी की सीधी भर्ती–2023 में के अन्तर्गत आरक्षी पीएसी के 133 पद का परिणाम उपलब्ध कराते हुये चिकित्सीय परीक्षा एवं चरित्र सत्यापन की कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध में है।

2– उत्तर प्रदेश पुलिस (कुशल खिलाड़ियों) की भर्ती एवं बिना पारी पदोन्नति नियमावली–2021 के नियम–13 चिकित्सीय परीक्षण में व्यवस्था दी गयी है :–

(क) अभ्यर्थी/खिलाड़ी, जो चयन सूची में हों, से नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा चिकित्सीय परीक्षण में उपस्थित होने की अपेक्षा की जायेगी। चिकित्सीय परीक्षण हेतु, सम्बन्धित जिला के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा एक चिकित्सा परिषद गठित की जायेगी जिसमें तीन चिकित्सक रखें जायेंगे, जो महानिदेशक, चिकित्सा और पुलिस भर्ती चिकित्सीय परीक्षण बोर्ड द्वारा विहित प्रक्रिया के अनुसार अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण करेंगे। चयनित अभ्यर्थी/खिलाड़ी साध्य रोग और ऐसे जटिल शारीरिक असमानता, जिससे संबंधित खेल के खिलाड़ी के प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े के आधार पर चिकित्सा परिषद द्वारा अनुपयुक्त/अनर्ह घोषित नहीं किये जायेंगे। असाध्य रोगों और ऐसे शारीरिक असमानताओं, जिनसे खिलाड़ी के खेल प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो, उक्त चिकित्सीय परीक्षण में अनुपयुक्त/अनर्ह घोषित किये जायेंगे।

(ख) यदि कोई अभ्यर्थी/खिलाड़ी, जो अपने चिकित्सीय परीक्षण से असंतुष्ट हो और अपील करना चाहता हो, तो उसे मण्डलीय चिकित्सा परिषद के समक्ष अपील करने के लिये चिकित्सा परिषद द्वारा विहित प्रपत्र उपलब्ध कराया जायेगा और असंतुष्ट अभ्यर्थी/खिलाड़ी इसके पश्चात उपरोक्त विहित प्रपत्र में तत्काल या परीक्षा दिवस पर आवेदन करेगा। अपील अगले दिवस प्रस्तुत की जा सकती है। अपील प्रस्तुत किये जाने के एक माह के भीतर प्रस्तुत की गयी अपील पर मण्डली चिकित्सा परिषद द्वारा पूर्ण रूप से केवल उस स्थिति में विचार किया जायेगा कि अभ्यर्थी/खिलाड़ी के चिकित्सीय परीक्षण में जिला चिकित्सा परिषद द्वारा कृत विनिश्चय में कोई त्रुटि हुई है। गठित मण्डलीय चिकित्सा परिषद में सम्बन्धित त्रुटि का एक विशेषज्ञ होना आवश्यक होगा।

(ग) चिकित्सीय परीक्षण संचालित किये जाने सम्बन्धी विस्तृत अनुदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी किये जायेंगे। चिकित्सीय परीक्षण में असफल पाये गये अभ्यर्थी/खिलाड़ी

नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुपयुक्त घोषित किये जायेंगे और ऐसी रिक्तियां अग्रेतर चयन हेतु अग्रेनीत कर दी जायेंगी।

3— नियम—15 चरित्र सत्यापन में व्यवस्था दी गयी है कि :—
नियुक्ति पत्र जारी किये जाने से पूर्व, नियुक्ति प्राधिकारी के पर्यवेक्षण के अधीन, अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण पर भेजे जाने के पूर्व चरित्र सत्यापन पूर्ण कराया जायेगा। सामान्यतः चरित्र सत्यापन एक माह के भीतर पूर्ण कर लिया जायेगा। किसी अभ्यर्थी के चरित्र सत्यापन के दौरान कोई प्रतिकूल तथ्य पाये जाने के मामले में, उसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुपयुक्त घोषित कर दिया जायेगा और ऐसी रिक्तियां अग्रेतर चयन के लिये अग्रेनीत कर दी जायेंगी।

4— नियमावली में निहित उक्त व्यवस्था के अनुसार पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना,उ0प्र0 से प्राप्त कुशल खिलाड़ी के अन्तर्गत आरक्षी पीएसी के पद पर चयनित 133 अभ्यर्थियों का नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा चिकित्सा परीक्षा एवं चरित्र सत्यापन तदोपरान्त नियुक्ति की कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

5— उपरोक्तानुसार अपने अनुभाग को आवंटित संलग्न सूची में अंकित अभ्यर्थियों का नियमावली में निहित व्यवस्था के अनुसार चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन की कार्यवाही 15 दिवस में पूर्ण कराने का कष्ट करें, चिकित्सा परीक्षण की कार्यवाही हेतु स्वास्थ्य विभाग से सामंजस्य स्थापित करने एवं शीघ्र कार्यवाही के दृष्टिगत अपने अनुभाग अधीनस्थ वाहिनी से अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी भी नामित करें। चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन में उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियों की सूची उनके गृह जनपद के विवरण सहित इस मुख्यालय को उपलब्ध कराने का ताकि उपयुक्त अभ्यर्थियों की नियुक्ति के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश जारी किया जा सके।

6— उपरोक्त प्रकरण में समस्त अभिलेख प्राप्त करने हेतु अपने—अपने अनुभाग से 01—01 विशेष वाहक मय पेन ड्राइव सहित हस्ताक्षर प्रमाणित करते हुये दिनांक 13.08.2026 को प्रत्येक दशा में इस मुख्यालय को भेजने का कष्ट करें।

**संलग्नकः—उपरोक्तानुसार।**

12/8

( डॉ0 प्रीतिन्दर सिंह )
पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी,
उ0प्र0 लखनऊ।

**प्रतिलिपिः—**

1— पुलिस महानिरीक्षक पीएसी, मध्य जोन एवं सचिव, उ0प्र0 पुलिस स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड को कुशल खिलाड़ी के अन्तर्गत प्राप्त चयन परिणाम सम्बन्धी मूल प्रपत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
संलग्नकः चयन परिणाम मूलरूप में।

2— समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक पीएसी उ0प्र0 को इस आशय से प्रषित है कि प्रकरण में अपेक्षित कार्यवाही समय से पूर्ण कराने के सम्बन्ध में अनुश्रवणात्मक कार्यवाही जोन स्तर से भी कराने का कष्ट करें।

3— पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं नागरिक पुलिस के आरक्षियों के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

## कुशल खिलाड़ी कोटे से आरक्षी पीएसी के पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों विवरण

| क्र0सं0 | पीएसी अनुभाग का नाम | चिकित्सीय परीक्षण / चरित्र सत्यापन हेतु आवंटित वाहिनी | जनपद का नाम | प्रदेश का नाम | जनपदवार चयनित अभ्यर्थी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मुरादाबाद अनुभाग | 09वीं मुरादाबाद | Bijnor | Uttar Pradesh | 1 |
| | | 09वीं मुरादाबाद | Moradabad | Uttar Pradesh | 2 |
| | | 09वीं मुरादाबाद | Haridwar | Uttarakhand | 3 |
| | | योग | | | 6 |
| 2 | आगरा अनुभाग | 15वीं आगरा | Churu | Rajastha | 1 |
| | | 15वीं आगरा | Jaipur | Rajastha | 1 |
| | | 15वीं आगरा | Agra | Uttar Pradesh | 3 |
| | | 15वीं आगरा | Aligarh | Uttar Pradesh | 1 |
| | | 15वीं आगरा | Budau | Uttar Pradesh | 1 |
| | | 15वीं आगरा | Etah | Uttar Pradesh | 1 |
| | | 15वीं आगरा | Mathura | Uttar Pradesh | 1 |
| | | योग | | | 9 |
| 3 | लखनऊ अनुभाग | 35वीं लखनऊ | Hardoi | Uttar Pradesh | 1 |
| | | 35वीं लखनऊ | Lucknow | Uttar Pradesh | 2 |
| | | योग | | | 3 |
| 4 | अयोध्या अनुभाग | 30वीं गोण्डा | Faizabad | Uttar Pradesh | 1 |
| | | 30वीं गोण्डा | Gorakhpur | Uttar Pradesh | 3 |
| | | 30वीं गोण्डा | Kushinagar | Uttar Pradesh | 2 |
| | | 30वीं गोण्डा | Maharajganj | Uttar Pradesh | 1 |
| | | योग | | | 7 |
| 5 | वाराणसी अनुभाग | 34वीं वाराणसी | Muzaffarpur | Bihar | 1 |
| | | 34वीं वाराणसी | Patna | Bihar | 1 |
| | | 34वीं वाराणसी | Purnia | Bihar | 1 |
| | | 34वीं वाराणसी | Azamgarh | Uttar Pradesh | 1 |
| | | 34वीं वाराणसी | Deoria | Uttar Pradesh | 1 |
| | | 34वीं वाराणसी | Jaunpur | Uttar Pradesh | 1 |
| | | 34वीं वाराणसी | Mirzapur | Uttar Pradesh | 4 |
| | | 34वीं वाराणसी | Varanasi | Uttar Pradesh | 5 |
| | | 34वीं वाराणसी | Hooghly | West Bengal | 1 |
| | | 34वीं वाराणसी | Howrah | West Bengal | 1 |
| | | 34वीं वाराणसी | North 24 Parganas | West Bengal | 1 |
| | | योग | | | 18 |
| 6 | कानपुर अनुभाग | 37वीं कानपुर | Ashok Nagar | Madhya Pradesh | 1 |
| | | 37वीं कानपुर | Bhopal | Madhya Pradesh | 2 |
| | | 37वीं कानपुर | Dewas | Madhya Pradesh | 2 |
| | | 37वीं कानपुर | Rajgarh | Madhya Pradesh | 1 |
| | | 37वीं कानपुर | Satna | Madhya Pradesh | 1 |
| | | 37वीं कानपुर | Sehore | Madhya Pradesh | 2 |
| | | 37वीं कानपुर | Allahabad | Uttar Pradesh | 4 |
| | | 37वीं कानपुर | Kanpur Nagar | Uttar Pradesh | 3 |
| | | 37वीं कानपुर | Sant Ravidas Nagar | Uttar Pradesh | 1 |
| | | योग | | | 17 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | मेरठ अनुभाग | 41वीं गाजियाबाद | Chandigarh | Chandigarh (UT) | 2 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | New Delhi | Delhi (NCT) | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | North East Delhi | Delhi (NCT) | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | North West Delhi | Delhi (NCT) | 2 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | South Delhi | Delhi (NCT) | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | South West Delhi | Delhi (NCT) | 2 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | West Delhi | Delhi (NCT) | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Ambala | Haryana | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Bhiwani | Haryana | 5 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Faridabad | Haryana | 2 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Fatehabad | Haryana | 2 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Hissar | Haryana | 2 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Jhajjar | Haryana | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Jind | Haryana | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Karnal | Haryana | 2 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Panchkula | Haryana | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Rewari | Haryana | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Rohtak | Haryana | 3 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Sonipat | Haryana | 6 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Yamuna Nagar | Haryana | 2 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Fazilka | Punjab | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Rupnagar | Punjab | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Bagpat | Uttar Pradesh | 14 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Gautam Buddh Nagar | Uttar Pradesh | 1 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Ghaziabad | Uttar Pradesh | 4 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Meerut | Uttar Pradesh | 3 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Muzaffarnagar | Uttar Pradesh | 3 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Saharanpur | Uttar Pradesh | 6 |
| | | 41वीं गाजियाबाद | Shamli | Uttar Pradesh | 1 |
| | | योग | | | **73** |
| | | कुल योग | | | **133** |